मुख्य समाचार :–

- बद्रीनाथ धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गये हैं।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने चारधाम व यात्रा मार्गों को पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान किया।
- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी।
- नैनीताल शहर पर्यटकों से गुलजार, व्यापारियों में उत्साह।

---------

बद्रीनाथ कपाट

समुद्र तल से करीब 10 हजार 5 सौ फीट की ऊंचाई पर चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट आज सुबह पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गये हैं। कपाटोद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर को लगभग 25 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। चमोली जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज ब्रह्म मूहर्त में सुबह चार बजे से ही कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर, उद्धव और गाडू घड़ा को दक्षिण द्वार से मंदिर परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल, धर्माधिकारी हक हकूकधारी और बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन और हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मंदिर के कपाट विधि–विधान के साथ खोले गए। हल्की बारिश के बीच सेना के बैंड और ढोल नगाड़ों की मधुर धुन तथा स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक संगीत और नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा है कि बदरीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं।

## मस्क बाजा प्रस्तुति

बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने पर इस वर्ष सेना के बैंड की धुन के साथ ही पहली बार उत्तराखंड होमगार्ड विभाग के मस्कबाजे की धुन भी श्रद्धालुओं को सुनाई दी। चमोली होमगार्ड के प्रभारी कमांडेंट दीपक कुमार भट्ट ने बताया कि होमगार्ड कमांडेंट जनरल केवल खुराना की पहल पर इस वर्ष होमगार्ड के जवानों की मस्क बाजे की टीम तैयार की गई थी। टीम इससे पूर्व जो देहरादून में आयोजित कई कार्यक्रमों में प्रस्तुति दे चुकी हैं। उन्होंने बताया कि टीम आज से 14 मई तक धाम में मस्क बाजा की प्रस्तुति देगी।

## राज्यपाल केदारनाथ दर्शन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने आज केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के दर्शन किये। इस अवसर पर राज्यपाल ने श्रद्धालुओं और प्रशासन से चारों धामों व यात्रा मार्गों को पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान किया। यात्रा के दौरान राज्यपाल ने केदारनाथ और बदरीनाथ आए श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनो धामों में पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आने वाले समय में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम और भी दिव्य व भव्य रूप में नजर आएगा। उन्होंने यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दे रहे स्वच्छता कर्मचारियों, चिकित्सकों की टीम, जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मंदिर समिति के सभी लोगों की सराहना करते हुए सभी को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राज्यपाल ने विषम परिस्थितियों में केदारनाथ और बदरीनाथ के विकास कार्यों में जुटे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए उनका हौसला भी बढ़ाया।

ऑफलाइन पंजीकरण

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए देहरादून के विकासनगर में जल्द ही ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर खोला लाएगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पंजीकरण काउंटर खुलने से इन प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। साथ ही ऋषिकेश और हरिद्वार में बनाये गये पंजीकरण काउंटर में तीर्थ यात्रियों का दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि 14 मई तक विकासनगर में काउंटर संचालन कर दिया जाएगा।

आंकडे

चारधाम यात्रा के प्रति तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। तीन दिनों में अब तक अस्सी हजार से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। सबसे अधिक 51 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम के दर्शन किए हैं। वहीं यमुनोत्री में बीस हजार, जबकि गंगोत्री में लगभग साढे सात हजार श्रद्धालु पहुंचे हैं।

लोकसभा चुनाव

लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 96 सीटों पर कल वोट डाले जाएंगे। इस चरण में आंध्र प्रदेश की 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ, बिहार की 5, झारखंड और ओडिशा की चार–चार तथा केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा।

ग्रीष्मकालीन पर्यटन

देश के मैदानी क्षेत्रों में गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटक पानी वाले स्थानों और पहाड़ों में स्थित पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। नैनीताल शहर इस समय पर्यटकों से गुलजार हो रखा है। इससे नगर के पर्यटन व्यवसायियों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं। नगर में करीब–करीब शत–प्रतिशत होटल पैक हैं। नैनी झील में भी नौकायन के लिये सैलानियों के साथ रंग–बिरंगी नौकाओं का मेला लगा हुआ है। पर्यटन नगरी में पर्यटकों के बढ़ते दवाब को देखते हुए वाहनों को शहर के बाहर से नियंत्रित करना पड़ा है। गौरतलब है कि नगर में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन 15 मई से 30 जून तक माना जाता है और 20–22 जून के बाद ही नगर में सैलानियों की भीड़भाड़ नगर के पैक होने की स्थिति तक पहुंचती है, लेकिन इस बार इससे पहले ही यह स्थिति नजर आ रही है। नगर में मौसम भी सुहावना बना हुआ है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में गर्मी है।

'किताब कौतिक'

अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में पहली बार 'किताब कौतिक' का आयोजन किया जा रहा है। रानीखेत सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट ब्रिगेडियर एस के यादव ने किया। आकाशवाणी से बातचीत में रानीखेत सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष विमल सती ने बताया कि कौतिक में लगभग 70 हजार किताबों की प्रदर्शनी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों ने भी अपनी हस्त शिल्प और स्व निर्मित कलाओं की प्रदर्शनी लगाई है, जो कि आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तकनीक से निर्मित नये लिक्विड रॉकेट इंजन का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण शुक्रवार को तमिलनाडु के महेन्द्रगिरी के इसरो के प्रोपल्सन परिसर में किया गया। नवनिर्मित पी.एस.–4 इंजन में खंडों की संख्या कम की गई है। इस प्रणाली से इंजन में कच्चे माल की खपत और उत्पादन में लगने वाले समय में कमी आएगी। इसका उपयोग पी.एस.एल.वी. प्रक्षेपण यान और प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली में भी किया जाएगा। इसरो पी.एस.–4 इंजन को पी.एस.एल.वी. कार्यक्रम का नियमित रूप से हिस्सा बनाने की योजना बना रहा है।

मातृ दिवस

आज दुनिया भर में मातृ दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस दिन सभी आयु वर्ग के लोग फूल, कार्ड, चॉकलेट या उपहार देकर माताओं के प्रति अपना प्यार और सम्मान व्यक्त करते हैं और ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर मातृ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूलों और विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और माताओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

मौसम

और अब एक नजर मौसम पर.... चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज हल्की से मध्यम बारिश हुई है। इससे जंगलों में लगी आग और धुंए से राहत मिली है। वहीं, राज्य के मैदानी इलाकों में गर्मी का सितम जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि राज्य के अन्य जिलों में कहीं–कहीं ओलावृष्टि, आंधी और बारिश का येलो

अलर्ट जारी किया है। विभाग ने चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों से मौसम पूर्वानुमान देखकर ही यात्रा करने की अपील की है।

........